श्रीमती श्रुति(बि० शि० से०)
प्र० प्राचार्य

बिहार सरकार

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, (डायट)

बड़ीखंजरपुर, खिरनीघाट, भागलपुर 812001
www.dietbgp.org.in E-mail- dietbgp@gmail.com

पत्रांक

## अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01 वर्ष 2025–26

(केवल ई–टेन्डरिंग पद्धति के अनुसार वेबसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), खिरनीघाट, भागलपुर के परिसर में 1. Detailed Estimate of Dome Shaped Sitting Area Under Campus Development in DIET, Bhagalpur, 2. Renovation of Paver Block in DIET Campus, Bhagalpur, 3. Renovation and Fencing Work of Existing Volleyball and Badminton Court DIET Campus, Bhagalpur कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इस निविदा में संबंधित जिला में निबंधित सिर्फ स्थानीय अभिकर्त्ता (श्रेणी–4) संवेदक ही भाग ले सकते है।

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट) खिरनीघाट, भागलपुर।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक–**17.12.2025**
3. निविदा कागजात डाउनलोड करने एवं अपलोड करने की अवधि पूर्वाह्न से : दिनांक–**23.12.2025** से **01-01-2026** के **03:00 PM** तक on website www.eproc2.bihar.gov.in
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक–**01-01-2026** के **03:00 PM** तक on website www.eproc2.bihar.gov.in
5. अग्रधन, सभी शपथ पत्र, मूल में जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान : दिनांक–**03.01.2026** के **03:00 PM** तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खिरनीघाट, भागलपुर
6. प्री–बीड मीटिंग का समय एवं स्थान : दिनांक–**26-12-2025** के **03:00 PM** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खिरनीघाट, भागलपुर
7. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–**05-01-2026** के **03:00 PM** on website www.eproc2.bihar.gov.in
8. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय एवं स्थान : तकनीकी बीड के निष्पादन के उपरांत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खिरनीघाट, भागलपुर on website www.eproc2.bihar.gov.in
9. **कार्य का विवरणी–**

| Sl. No. | Work Name | BOQ Amount (In Lakh) | EMD (In Rs.) | Caost of BOQ (In Rs.) | Period of Completion | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 1 | Detailed Estimate of Dome Shaped Sitting Area Under Campus Development in DIET, Bhagalpur | 9.699 | 19398.00 | 1250/- | 1 Month | Tender |
| 2 | Renovation of Paver Block in DIET Campus, Bhagalpur | 10.93 | 21860.00 | 2500/- | 1 Month | Tender |
| 3 | Renovation and Fencing Work of Existing Volleyball and Badminton Court DIET Campus, Bhagalpur | 5.145 | 10280.00 | 1250/- | 1 Month | Tender |

**नोट:–** (i) प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है एवं तदनुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है।

(ii) वेबसाईट–**www.eproc2.bihar.gov.in** पर अंकित प्राक्कलित राशि, अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र की राशि अंतिम रूप से मान्य होगा।

(iii) बेल्ट्रॉन का **Bid Processing Fee e-Tendering Website** के अनुसार देय होगा।

10. निविदा की वैधता अवधि 120 दिन
11. ई–टेन्डरिंग की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु संवेदकों को पंजीकृत होना होगा जिससे कि उन्हें उपयोगकर्त्ता का नाम **(USER-ID)** पासवर्ड **(Password)** अंकीय हस्ताक्षर **(Distigal Signature)** निर्गत की जायेगी। यह उन्हें वेबसाईट से डाउनलोड करने/टेन्डर की प्रक्रिया में भाग लेने की योग्यता प्रदान करेगा।
12. ई–निविदा पत्र वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** से प्राप्त क्या जा सकता है। संवेदकों द्वारा सिर्फ उपर्युक्त वेबसाईट से ही परिमाण विपत्र प्राप्त करने के उपरांत वेबसाईट पर ही इलेक्ट्रानिक निविदा पत्र को भरकर भेजना है। अन्य सभी महत्वपूर्ण कागजात/बैंक ड्राफ्ट/अग्रधन की राशि/सभी प्रमाण पत्र जो निविदा के लिए आवश्यक है को स्कैन कर ई–निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

Amarjeet Kr ... 17/12/2025 Dilip 17/12/2025 17/12/2025 17.12.25

श्रीमती श्रुति(बि० शि० से०)
प्र0 प्राचार्य



पत्रांक

13. (क) Beltron Bid **Processing Fee** as appeared on the e-Tendering website:-www.eproc2.bihar.gov.in & **BOQ cost** as mentioned is mandatory to be paid through e-payment mode i.e. internet payment gateway, (Credit/ Debit card), Net Banking, NEFT/RTGS: (Bids along with necessary online payments must be submitted throughe-procurement portal www.eproc2.bihar.gov.in before the date and time specific in the NIT/Corrigendum. The department doesn't take any responsibility for the delay/Non submission of Tender/Non Reconciliation of online payment caused due to Non-availability of Internet Connection, Network Traffic/Holidays or any other reason.

    (ख) **EMD** Can be paid through e-payment mode i.e. "internet payment gateway (Credit/Debit Card), Net banking, NEFT/RTGS" या एक करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों के लिए, Valid for 45 days beyond Bid Validity Period) के रुप में प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट) खिरनीघाट, भागलपुर में दिनांक–**03-01-2026** को **15.00** बजे तक स्वंय/निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा निश्चित रुप से जमा किया जाना आवश्यक है ऐसा नहीं करने पर निविदा मान्य नहीं होगा। EMD, **Principal, DIET, Bhagalpur** के पक्ष में प्रतिज्ञिप्त (Pledge) होना आवश्यक होगा। **EMD** के रुप में जमा करने कि स्थिति में **EMD** पर निर्गत करने वाले बैंक का **Email ID & Contact Number** अंकित रहना अनिवार्य है।

    (ग) **अग्रधन की राशि के रुप में Bank Demand Draft** मान्य नहीं होगा।

14. किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा शुद्दि पत्र को वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर प्रकाशित किया जायेगा। बिना कारण बताये निविदा या उसके अंश को अस्वीकृत करने/रद्द करने का अधिकार सक्षम पदाधिकारी को सुरक्षित है।

15. सफल निविदाकार को परिमाण विपत्र की दर से कम दर उद्धृत करने पर पथ निर्माण विभाग के अधिसूचना सं0–447 (S) दिनांक–16.01.2020 सहपठित ज्ञापांक–90–6/द080 नियम–03–08/2006(अंश) (S)/पटना, दिनांक–16.01.2020 एवं 449 (S) दिनांक–16.01.2020 के द्वारा निविदित दर की न्यूनतम अधिसीमा समाप्त कर दिया गया है। निविदित दर *Serious unbalanced rate* होने की स्थिति में Additional Performance Gurantee पथ निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक–448 (S) दिनांक–16.01.2020 के अनुसार जमा करना होगा, इस पत्र की सभी शर्तें निविदा में लागू होगी।

16. निविदाकारों द्वारा इस्तेमाल किये जा रहे इन्टरनेट सर्विस मे किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न होने पर कोई भी दावा मान्य नही होगा। निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि अपने निविदा को समय रहते उपर्युक्त वेबसाइट पर अपलोड कर ले। ताकि अंतिम समय में होने वाले किसी प्रकार के व्यवधान से बच सके।

17. निविदाकार निविदा डालने से पहले अपने स्तर से भी प्रस्तावित कार्य स्थल पर भूमि उपलब्धता के संबंध में आश्वस्त हो लेंगे साथ ही कार्यस्थल, खैरी स्थल एवं सामग्री स्थल इत्यादि की स्थिति तथा निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता की स्थिति से पूर्णरुपेण संतुष्ट होने के पश्चात् ही निविदा में भाग लेने का परामर्श दिया जाता है। इस संबंध में बाद में किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

18. संवेदक स्कैन कर कागजातों को अपलोड करने के पूर्व सूचीबद्ध करते हुए क्रमांक अंकित करेंगे ताकि किसी खास कागजात को क्रमांक सं0/पृष्ठ सं0 के आधार पर शीघ्र खोजा जा सके। सभी प्रलेख PDF, MS OFFICE (Compatibility Mode), JPG, ZIP फॉरमेट में ही अपलोड किया जाय। फाईल का साईज **5 MB** से अधिक न हो, अन्य फॉरमेट में अपलोडेड कागजात के डाउनलोड/ओपेन नहीं होने पर कोई दावा मान्य नहीं होगा। संवेदक स्कैन कर अपलोड किये गये कागजातो की Download ability/visibility से पूर्णरुपेण संतुष्ट हो लेंगे।

19. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगा।

20. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डायट, भागलपुर द्वारा निर्गत पत्र एवं पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना द्वारा निर्गत अद्यतन परिपत्रों/पत्रों में निहित प्रावधानों के आलोक में निविदा निस्तार किया जायेगा।

21. बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2022 द्वारा दंड प्रावधान लागू होगा।

    निम्नलिखित आशय का कार्यपालक दण्डाधिकारी/नोटराईज्ड शपथ पत्र जो कार्य विशेष के लिए निविदा निर्गत की तिथि एवं निविदा अपलोड करने की तिथि के बीच में निर्गत हो, समर्पित करना अनिवार्य होगा।

    (क) मेरे/हमारे विरुद्ध किसी प्रकार का आपराधिक मामला किसी भी न्यायालय में विचाराधीन नही है।

    (ख) मुझे/हमें किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी प्रतिष्ठान द्वारा बंचित (Debar) काली सूची (Black Listed) में दर्ज एवं विगत एक वित्तीय के अंदर एकरारनामा रद्द (Rescind) नही किया गया है।

    (ग) मेरा/ हमारा कोई निकटतम संबंधी अभिप्रेत है पति/ पत्नी, माता/ पिता,भाई/ बहन तथा इस तरह के ससुराल पक्ष के संबंधी) आधारभूत संरचना निगम प्राधिकार ने कनीय अभियंता/सहायक अभियंता/कार्यपालक अभियंता/लेखा पदाधिकारी/लेखापाल इत्यादि के रुप में कार्यरत नहीं है।

    (घ) निविदा में संलग्न सभी प्रमाण पत्र कागजात, विवरणी सत्य है।

    (ङ) उपर्युक्त कंडिका क,ख,ग एवं घ में गलत सूचना देने का दोषी पाये जाने अथवा कंडिका ङ में से कोई अभिलेख असत्य, नकली जाली पाए जाने पर सक्षम प्राधिकार अग्रधन की राशि जब्त कर लिया जायेगा तथा उनके उपर विधि सम्मत दंड, संवेदक के निबंधन को काली सूची में दर्ज करने, प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई के लिये स्वतंत्र होंगे।

Dilip 17/12/2025 17/12/2025 17.12.25

बिहार सरकार

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, (डायट)

बड़ीखंजरपुर, खिरनीघाट, भागलपुर 812001

श्रीमती श्रुति(बि० शि० से०)
प्र० प्राचार्य

www.dietbgp.org.in    E-mail- dietbgp@gmail.com

पत्रांक

22. तकनीकी बीड में कई सफल निविदादाताओं को न्यूनतम एवं समान निविदित दर की स्थिति में सफल निविदादाता का चयन बिहार लोक निर्माण विभाग संहिता के अनुरूप लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा।
23. निविदाकार को कार्य का विस्तृत कार्यक्रम (Over All Implementation Schedule) संलग्न करना होगा। जिसमें कराये जाने वाले कार्य का समय निर्धारित किया गया हो। संवेदक को एकरारनामा के उपरांत पुनः संशोधित Over All Implementation Schedule (O.I.S.) समर्पित करना होगा तथा इसके अनुसार प्रत्येक पाक्षिक (यथा आवश्यकतानुसार) प्रगति प्रतिवेदन समर्पित करना होगा।
24. संवेदक निर्धारित लक्ष्य के अनुसार/(O.I.S.) के अनुसार कार्य नहीं करते है तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जायेगी और उनका कोई भी दावा मान्य नहीं किया जायेगा।
25. संवेदक कार्य पूर्ण होने के पश्चात् सभी वैध विपत्र कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।
26. संवेदक को अपना वैध ई–मेल आईडी तथा मोबाईल नम्बर निविदा कागजात के साथ अपलोड करना बाध्यकारी होगा।
27. संवेदक द्वारा पिछले 1 वर्ष का TDS/GST का Return file करने का स्वअभिप्रमाणित की छाया प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
28. कार्य की DLP (Defects Liability Period) अवधि 6 (छः) माह की होगी।
29. Even Though the bidder meet the qualifying criteria, they are subject to be disqualified if they have record of poor performance such as abandoning the works, not properly completing the contract, inordinate delays in completion, litigation history or financial failure in the work of this Institution.
30. Bidder are required to submit their valid Character Certificate issued by the Superintendent of police (S.P.) as per the direction of additional Chief Secretary, Home department of Bihar vide letter No- 01 अ० गृ० स० कोे०/2021/29/अ०मु०स०को०, पटना, दिनांक– 25 जनवरी, 2021.
31. विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है। ई–टेन्डरिंग की प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी/ सूचना हेतु Eproc 2.0 Help Desk Address : Junction Service Limited , RJ Complex, 2nd Floor Canara Bank Campus, Khajpura, Ashiana Road, P.S.– Shastri Nagar, Patna 800014, Toll Free Number: 18005726571

ह०/-
प्रभारी प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
भागलपुर।

ज्ञापांक 1293 /भागलपुर, दिनांक 17-12-2025

प्रतिलिपि–BSEIDC को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि–कनीय अभियंता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि–कार्यालय लिपिक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निर्देश दिया जाता है कि वृहत प्रचार, प्रसार हेतु संस्थान के सूचना पट्ट, वेबसाईट एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी भागलपुर एवं जिला पदाधिकारी भागलपुर कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करें।

प्रतिलिपि–क्रय समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि–जिला शिक्षा पदाधिकारी, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि–निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् महेन्द्रू, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि–अभियंत्रण कोषांग, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् महेन्द्रू, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ समर्पित।

प्रभारी प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
भागलपुर।
17/12/25

Amarjeet 17/12/2025  Dilip 17/12/2025  17/12/2025